SAGITTARIUS COMMUNICATIONS PVT. LTD.™

Pushpak 1st Floor 18/1 Deodar Street, Kolkata - 700019, West Bengal, India
Tel +91 33 2454 0101 / 2454 5556 Telefax +91 33 2476 1445 M 98300 17953 E sagittariusinc.pr@gmail.com / shiladit73@gmail.com W www.sagittariusinc.in

Publication Dainik Udyog Aas Paas **Edition** Jaipur

Client Mani Group **Page No.** 08 **Date:** 06.11. 2015

मणि ग्रुप ऑर्गेनिक रिसोर्ट में करेगा 110 करोड़ का निवेश

जयपुर। रियल इस्टेट व अतिथि सत्कार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी, मणि ग्रुप, राजस्थान के नागौर जिले के अजमेर के निकट इको-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक अभिनव स्टार रेटेड ऑर्गेनिक रिसोर्ट तैयार करेगी, इस संबंध में मणि ग्रुप ने राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग के साथ एक करार पर हस्ताक्षर किया. परियोजना का आनुमानिक खर्च 110 करोड़ रुपये है.

प्रस्तावित स्टार रेटेड ऑर्गेनिक रिसोर्ट लगभग 300 बीघे की जमीन पर तैयार किया जायेगा जिसमें पर्यावरण की निरंतरता को आराम के साथ समाहित किया जायेगा और इसमें एक सम्मेलन केंद्र (कम से कम 500 लोगों के लिए सम्मेलन और बैंक्वेट की सुविधा के साथ) 70+ मेहमान विलाए, एक कॉफी शॉप, दिन भर चलने वाला डाइनिंग रेस्तरां, लाउंज बार के साथ स्पेशियलिटी रेस्तरां, एक स्पा, एक जिम्नेशियम तथा मनोरंजन की कई अन्य सुविधाएं रहेंगी।

मणि ग्रुप के सीइओ संजय झुनझुनवाला ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण के प्रति बढ़ रही जागरूकता तथा ग्रामीण परिवेश के साथ-साथ समूचे विश्व के साथ रहने की अवधारणा पर आधारित है, इसका परिचालन वशिष्ट ग्लोबल रिसोर्ट ऑपरेटर द्वारा किया जायेगा जो नागौर और अजमेर की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। इस परियोजना से 450 से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

ऑर्गेनिक रिसोर्ट में प्रस्तावित दक्षता विकास केंद्र न केवल रिसोर्ट के कर्मचारियो को प्रशिक्षित करेगा बल्कि नजदीक रहने वाले ग्रामीणों को भी रोजगार और प्रशिक्षण मुहैया करायेगा अधिकांश जमीन का उपयोग जैविक उत्पाद उगाने के लिए किया जायेगा जिसमें रासायनिक खाद का बिल्कुल भी उपयोग नहीं किया जायेगा, इस उत्पाद का इस्तेमाल रिसोर्ट मे ही किया जायेगा उत्पादन के ऑर्गेनिक तरीकों तथा इलाके में जल विभाजक के विकास से न केवल मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि इलाके के जलस्तर को बढ़ाने में भी मदद मिलेगी जिससे स्थानीय कृषकों व ग्रामीणों को लाभ होगा। ऑर्गेनिक रिसोर्ट को मणि ग्रुप की कंपनी, ओपुलेंट रिसोर्ट्स प्रा लि. द्वारा विकसित किया जायेगा

इको-टूरीजम में प्राचीन स्थानों, प्राकृतिक माहौल के स्थानों की सैर शामिल होगी जिसका ध्येय सामान्य जन पर्यटन के विकल्प के तौर पर सामने आना होगा इसका फोकस सामाजिक जिम्मेदारियों से परिपूर्ण यात्रा, निज विकास तथा पर्यावरण की रक्षा करना होगा प्रस्तावित ऑर्गेनिक रिसोर्ट 100 प्रतिशत पर्यावरण हितैशी रुख पर्यावरण के संरक्षण के पांच मूलभूत स्तंभों के प्रति अपनायेगा जिनमें क्षेत्र से जुड़ी वास्तुकला, जल संरक्षण, ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोतों पर केंद्रित ऊर्जा संरक्षण, वर्ज्य प्रबंधन तथा जैविक कृषि के जरिये खेती शामिल है।